

कार्लोस अल्काराज

रूड को हराकर फाइनल में पहुंचा

भाज

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष

करीना कपूर

दिवाली पर आया माता-पिता पर प्यार



पटना, मंगलवार, १० नवम्बर, २०२६ सौर २४ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ★★ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

पीएम कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल का 21 को करेंगे उद्घाटन

पटना (आससे)। बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं. प्रधानमंत्री 21 नवंबर को बिहार आएंगे. इस दौरान वह वैशाली पहुंचेंगे. यहां कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल का उद्घाटन करेंगे. इसके अलावा बिहार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे. प्रधानमंत्री के दौरे को ऐतिहासिक और यादगार बनाने की तैयारी की जा रही है. प्रधानमंत्री के दौरे की जानकारी पटना स्थित जेडीयू प्रदेश कार्यालय में दी गई. यहां एनडीए गठबंधन के घटक दलों के सभी प्रदेश अध्यक्षों की बैठक हुई. बैठक के बाद गठबंधन के नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इसमें प्रधानमंत्री के बिहार दौरे की तैयारियों और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई.

नेताओं ने बताया कि 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैशाली पहुंचेंगे. उनके स्वागत और कार्यक्रम को खास बनाने के लिए एनडीए के सभी घटक दल मिलकर तैयारी कर रहे हैं.



कार्यक्रम को खास बनाने के लिए एनडीए के सभी घटक दल मिलकर कर रहे हैं तैयारी

प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल का उद्घाटन प्रमुख कार्यक्रमों में

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सरकारी प्राइमरी-मिडिल स्कूलों के कैम्पस में बनेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

वीबी-जीरामजी योजना की राशि से होगा निर्माण, भूमि की अनुपलब्धता वाले क्षेत्रों में स्कूल परिसर की जमीन को मिलेगी प्राथमिकता

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य के सरकारी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों के परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र बनेंगे। इसके लिए वीबी-जीरामजी योजना की राशि का उपयोग किया जायेगा।

राज्य सरकार ने बच्चों को बेहतर प्रारंभिक शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है। जिन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी के लिए पर्याप्त और विवादरहित जमीन नहीं है, वहां सरकारी विद्यालय परिसर की खाली जमीन पर प्राथमिकता के आधार पर भवन का निर्माण कराया जायेगा। इस बाबत ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव एच. आर. श्रीनिवास एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सी. के. अनिल ने सभी जिला पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम समन्वयकों को संयुक्त रूप से निर्देश जारी किया है। इसके मुताबिक जिन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए समुदाय या अन्य स्थानों पर पर्याप्त सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं है, वहां संबंधित



पोषक क्षेत्र के सरकारी विद्यालय परिसर में उपलब्ध जमीन पर वीबी-जीरामजी योजना के तहत भवन बनाया जायेगा। विशेष हालात में जब विद्यालय परिसर के भूतल पर भी जमीन उपलब्ध नहीं होगी, तब तकनीकी विशेषज्ञों और अभियंताओं से भवन की मजबूती एवं सुरक्षा की जांच कराने के बाद विद्यालय की पहली मंजिल पर अतिरिक्त कक्ष बनवाया जा सकेगा। ऐसी स्थिति में विद्यालय की उच्च कक्षाओं को पहली मंजिल पर बने नये कक्षों में स्थानांतरित किया जायेगा और भूतल के खाली कक्ष में आंगनबाड़ी केंद्र चलाया जायेगा। इससे छोटे बच्चों की सुरक्षा और केंद्र तक उनकी आसान पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के लिए डीईओ, डीपीओ (आईसीडीएस) और कार्यपालक अभियंताओं को आपसी समन्वय बनाने का निर्देश दिया गया है। पत्र में जिला स्तर पर शीघ्र एनओसी जारी करने तथा निर्माण कार्य को प्राथमिकता के

(शेष पृष्ठ ९ पर)

76 हजार स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का होगा विकास

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य में 76 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का विकास होगा। इसके लिए सरकार ने कंपोजिट ग्रांट के रूप में 372 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इससे सरकारी स्कूलों को अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षा विभाग के मुख्यालय पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इस राशि से लघु मरम्मत, रखरखाव और रोजमर्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति स्कूल स्तर पर ही करायी जायेगी।

कंपोजिट ग्रांट के रूप में 372 करोड़ की राशि मंजूर

सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत होने वाली इस पहल का उद्देश्य सरकारी स्कूलों की आधारभूत संरचना को बेहतर बनाना है। कई विद्यालयों में छोटी-मोटी मरम्मत और रखरखाव के कार्य राशि के अभाव में लंबित रह जाते हैं। कई बार इन कार्यों के लिए विभागीय स्तर पर प्रस्ताव भेजने और स्वीकृति मिलने का इंतजार करना पड़ता है। नयी व्यवस्था से विद्यालयों को स्थानीय स्तर पर ही अपनी जरूरतें पूरी करने का अवसर मिलेगा। कंपोजिट ग्रांट की राशि से

(शेष पृष्ठ ९ पर)

आधा सेंटीमीटर से भी छोटे छेद से दूरबीन द्वारा फुल स्पाईन की हर तरह के ऑपरेशन के लिए पूर्वी भारत का पहला केन्द्र

- कोई चीरा नही
- बेहोशी की जरूरत नही
- कम खर्च / रियायती
- खून चढ़ाने की जरूरत नही
- दो घंटे में चलना, दर्द रहित
- अगले दिन छुट्टी

किंग्सवे मेडिकल सेन्टर, पटना
Mob. : 7033000109
(पी.जी. आई. चंडीगढ़ के डाक्टरों द्वारा संचालित)
देश व दुनिया के सर्वोच्च संस्थानों में कार्य अनुभव



डा. आनंद भूषण
MBBS (मणिपाल), MS ऑर्था, राजस्थान (गोल्ड मेडल)
SRD (पी.जी.आई., चंडीगढ़)
किंग्सवे कॉलेज, लंदन, UK | www.हॉस्पीटल, साउथेम्पटन, इंग्लैंड
छड़ी जोड़, नस, लिगामेंट एवं गठिया रोग विशेषज्ञ
स्पाईन एंडोस्कोपी व जनरल सर्जन (दूरबीन पद्धति)

उत्तराखंड स्थापना दिवस पर मोदी ने सीएम को दी बधाई

देहरादून (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस पत्र में प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के साथ अपने पुराने जुड़ाव का उल्लेख करते हुए राज्य की विकास यात्रा की सराहना की। उन्होंने

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें
website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें

संपन्न परिवारों से बिजली सब्सिडी छोड़ने की अपील

1 दिसंबर से सम्राट सरकार का अभियान शुरू

पटना (आससे)। बिहार सरकार 1 दिसंबर से बिजली सब्सिडी छोड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न परिवारों और आयकरदाताओं से 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ स्वेच्छा से छोड़ने की अपील की जाएगी।



मुख्यमंत्री ने पटना में दीपावली के अवसर पर झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले गरीब और वंचित परिवारों के बीच पहुंचकर यह ऐलान किया। इस दौरान उन्होंने लोगों के बीच मिठाइयां भी बांटीं और उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार बिजली सब्सिडी पर सालाना करीब 23 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है। ऐसे में संपन्न परिवार यदि स्वेच्छा से 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ छोड़ दें, तो सरकार इन संसाधनों का इस्तेमाल विकास कार्यों में कर सकेगी।

उन्होंने कहा, इस अभियान के तहत लोगों को स्वेच्छा से सब्सिडी का लाभ छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से एलपीजी सब्सिडी छोड़ने की अपील की थी, उसी तरह बिहार सरकार भी यह पहल कर रही है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, सरकार प्रत्येक परिवार को सालाना करीब 10 हजार रुपये की बिजली सब्सिडी दे रही है। जो लोग स्वेच्छा से इस सुविधा का त्याग करेंगे, उन्हें उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पिछले सप्ताह पटना में आयोजित युवा

(शेष पृष्ठ ९ पर)

आरा डबल मर्डर : बख्शे नहीं जायेंगे दोषी : सम्राट

पटना (आससे)। बिहार के भोजपुर में स्कॉर्पियो से रौंद कर सगे भाइयों की हत्या और छह अन्य को जख्मी कर देने के मामले में सीएम सम्राट चौधरी ऐक्शन में हैं। उन्होंने घटना के दोषियों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई का निर्देश जिला प्रशासन को दिया है। सीएम ने कांड में मरने वाले दोनों भाइयों के परिजनों को चार-चार लाख मुआजवा देने और घायलों का पूरा इलाज कराने का भी निर्देश दिया है। दीपावली की देर रात छठ पर्व का गाना बजाने के विवाद में स्कार्पियो सवार बदमाशों ने सगे भाई समेत आठ लोगों को रौंद दिया। घटना के विरोध में

4-4 लाख मुआवजे का किया एलान

(शेष पृष्ठ ९ पर)

समर्पित सेवा के 31 वर्ष

निरंगा अगरबत्ती
देश की खुशबू

आकर्षक हैंडल बैग में..

की श्रद्धा प्रीमियम धूप



AN ISO 9001:2008 CERTIFIED CO.

वितरक रहित क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए
सम्पर्क करें 6389 004433

हजारीबाग में सड़क हादसा पांच की मौत, 11 घायल

देवघर (आससे)। हजारीबाग जिले में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं. चौपारण थाना क्षेत्र में यात्रियों से भरा एक सवारी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस हादसे में पांच लोगों की जान चली गई, जबकि 11 अन्य यात्री घायल हो गए. दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. सूचना मिलने पर चौपारण पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त वाहन में सवार सभी लोग गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के बिहारो और सलैया गांव के रहने वाले थे. बताया जा रहा है कि सभी लोग एक शव का अंतिम संस्कार करने के

(शेष पृष्ठ ९ पर)

आगरा एक्स.-वे पर छपरा जा रही बस के पलटने से 3 की मौत

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को यात्रियों से भरी हुई एक बस पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 3 लोगों की मौत हो गई है और 45 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उनका इलाज जारी है। मुख्यमंत्री योगी ने भी जनपद लखनऊ में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया है।

अब तक सामने आई जानकारी के अनुसार, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे

(शेष पृष्ठ ९ पर)

दिसंबर 2028 तक गुजरात को करेंगे नशा-मुक्त : शाह



अहमदाबाद (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के बडाज इलाके में 700 से अधिक नवनिर्मित आवासों का उद्घाटन किया और 1,024 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं को अहमदाबाद की जनता को समर्पित किया। कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, गुजरात के सभी लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं और कल नया साल है। सभी को बहुत-बहुत बधाई। आज 1,400 करोड़ रुपए के कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इनमें से लगभग 1,100 करोड़ रुपए की परियोजनाएं अहमदाबाद नगर निगम की हैं, जबकि सड़क एवं भवन विभाग और भारत सरकार की लगभग 400 करोड़ रुपए की परियोजनाएं

(शेष पृष्ठ ९ पर)

